प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

सांध्यकालीन समाचार

दिनांक-28.06.26 समय- 07.10पीएम

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सेषेल्स में देष के सर्वोच्च पर्यावरण सम्मान 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' से सम्मानित, दोनो देषों के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज भोपाल में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान एवं सुमन पंचायत का किया शुभारंभ।
- केंद्रीय मंत्री षिवराज सिंह चैहान ने कहा-ग्रामीण समुदायों के सशक्तिकरण के लिए पंचायतों को ठोस वित्तीय सहायता मिलती रहेगी।
- प्रदेष के 45 जिलों में तेज आंधी-बारिश की चेतावनी।

प्रधानमंत्री - सेशेल्स यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हरमाइनी के बीच आज राजधानी विक्टोरिया में द्विपक्षीय वार्ता हुई। दोनों देशों के बीच कृषि, वित्त, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और डिजिटल सहयोग सहित कई क्षेत्रों में समझौतों का आदान-प्रदान भी हुआ। सेशेल्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सतत विकास, हरित विकास और जलवायु अनुकूल विकास के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए देश के सर्वोच्च पर्यावरण सम्मान 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' से सम्मानित किया है।

संयुक्त प्रेस वार्ता में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। उन्होंने कहा कि भारत और सेशेल्स हिंद महासागर को साझा विरासत मानते हैं और इसकी सुरक्षा, स्थिरता तथा समृद्धि दोनों देशों की साझा जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, सेशेल्स के साथ डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का अपना अनुभव साझा करेगा।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में लोगों से गणेशोत्सव के दौरान भगवान गणपति की मिट्टी की मूर्ति लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मिट्टी की मूर्तियां पूजा के बाद सहज रूप से पानी में विलीन हो जाती हैं, इससे हमारी नदियां, तालाबों और पर्यावरण की रक्षा होती है। श्री मोदी ने मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के ब्यावरा की महिलाओं द्वारा अनूठे स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण अभियान का जिक्र किया।

शिवराज- ग्रामीण सम्मेलन

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चैहान ने आज विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को साकार करने में गांवों की मुख्य भूमिका का उल्लेख किया। नई दिल्ली में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री चैहान ने कहा कि ग्रामीण विकास में तेजी लाने के लिए विकसित भारत ग्रामीण योजना के अन्तर्गत राज्यों के योगदान सहित एक लाख 51 हजार करोड़ रूपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि जमीनी शासन को और सशक्त् बनाने तथा ग्रामीण समुदायों के सशक्तिकरण के लिए पंचायतों को ठोस वित्तीय सहायता मिलती रहेगी।

श्री चैहान ने कहा कि ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा -

बाइट-षिवराज सिंह चैहान,केंद्रीय मंत्री

जम्मू-कश्मीर अमरनाथ सुरक्षा

जम्मू-कश्मीर में 3 जुलाई से शुरू होने वाली 57 दिन की वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू के पुरानी मंडी स्थित श्री राम मंदिर अमरनाथ यात्री आधार शिविर में साधुओं का आगमन शुरू हो गया है। अधिकारियों ने प्रोजेक्ट हॉक आई के तहत प्रौद्योगिकी आधारित निगरानी तैनात की है।

सरिस्का बाघ अभ्यारण्य

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सरिस्का बाघ अभ्यारण्य में बाघों के पुनर्स्थापन के 18 वर्ष पूरे होने पर देशवासियों और प्रकृति प्रेमियों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री यादव ने कहा कि सरिस्का कभी बाघ पूरी तरह विलुप्त हो गए थे लेकिन वहां अब 53 बाघों का निवास है। उन्होंने इसे प्रकृति के पुनरुद्धार, वैज्ञानिक संरक्षण और सामूहिक संकल्प का एक प्रेरणादायक उदाहरण बताया।

मुख्यमंत्री - बैतूल संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज बैतूल जिले के कुकरु में आयोजित कार्यक्रम में स्व-सहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के प्रयासों, आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कृषि सखी ने बताया-

ग्राम कुकरू में ही आयोजित 'ग्राम चैपाल' में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने गांव से दूध, फल, सब्जी का दोपहिया से परिवहन करने वाले किसानों और स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को हेलमेट वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा-
बाइट- मोहन यादव मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री यादव ने ग्राम पंचायत कुकरू में पर्यटन को नई पहचान देने के लिए लगभग 15 करोड़ की लागत से कुकरू, चिखलदरा, मुक्तागिरी और मेलघाट को जोड़ते हुए एकीकृत टूरिज्म सर्किट विकसित किए जाने की घोषणा की।
स्वास्थ्य - चिकित्सा उपकरण

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने चिकित्सा उपकरण नियम, 2017 में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। इसका उद्देश्य चिकित्सा उपकरणों के विनिर्माण लाइसेंस जल्दी जारी करना और प्रक्रिया को आसान बनाना है। प्रस्ताव के अनुसार, लाइसेंस जारी करने की समय-सीमा कम की जाएगी, जबकि गुणवत्ता और सुरक्षा के मानकों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मंत्रालय ने इस संबंध में मसौदा अधिसूचना जारी कर सभी हितधारकों से सुझाव और टिप्पणियां मांगी हैं। इन संशोधनों से कारोबार सुगमता बढ़ेगी और देश में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उपकरण समय पर उपलब्ध हो सकेंगे।
पल्स पोलियो अभियान

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज भोपाल में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान एवं सुमन पंचायत का शुभारंभ किया। तीन दिन तक चलने वाले अभियान में 1 करोड सात लाख बच्चों को पोलियो दवा पिलाई जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा -

इंदौर में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ कलेक्टर शिवम वर्मा ने किया। कार्यक्रम के दौरान जागरूकता निकाली गई। सतना जिले के कलेक्टर डाॅ सतीष कुमार एस ने जिला चिकित्सालय से पल्स पोलियो अभियान का षुभारंभ किया। नर्मदापुरम, धार, झाबुआ, आगरमालवा सहित प्रदेश के सभी जिलो में शून्य से पांच साल तक की उम्र के बच्चों को पोलियो दवा का सेवन कराया जाएगा।
मौसम

प्रदेश में मानसून के अगले 3 से 4 दिनों के भीतर आगे बढ़ने की संभावना है। अभी तक मानसून प्रदेश के 15 जिलों तक पहुंच चुका है। आज भोपाल सहित 45 जिलों में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। ग्वालियर-चंबल संभाग सहित प्रदेश के कई हिस्सों में मानसून अभी तक नहीं पहुंचा है। इसके कारण गर्मी का असर बना हुआ है। ग्वालियर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है।

सीहोर जिले में मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। आज हुई बारिश में आष्टा ब्लॉक में सबसे अधिक 2.05 इंच पानी गिरा है। अच्छी बारिश होने से किसानों के चेहरों पर खुशी है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में जिले के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में लंबे इंतजार के बाद कल शाम मानसून ने दस्तक दे दी।

समाचार संक्षेप में:-

- भोपाल में आज पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता को बढावा देने के उददेष्य से पर्यावरण प्रहरी अभियान का षुभारंभ किया गया। अभियान में कई संस्थाओं ने भाग लेकर 200 से अधिक पौधों का सामूहिक रोपण किया।
- अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं नशा तस्करी निरोधक दिवस पर छिंदवाडा में आज विधिक साक्षरता शिविर में छात्र-छात्राओं को मादक पदार्थों के प्रकार, मादक पदार्थों से संबंधित कानून तथा नशे के दुष्परिणामों के संबंध में जानकारी दी गई।
- राजगढ़ में हिंदू साम्राज्य दिवस के अवसर पर कल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में छत्रपति वीर शिवाजी महाराज और भारत माता की आकर्षक झांकियां षामिल हुई।
- छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम जिलेहरी में आकाशीय बिजली गिरने से खेत में काम कर रहे एक ही परिवार के सात सदस्य झुलस गए। इनमें एक युवती की अस्पताल में मौत हो गई।

.................................

दिनांक–28.06.26 समय– 07.10पीएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

सांध्यकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सेषेल्स में देष के सर्वोच्च पर्यावरण सम्मान 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' से सम्मानित, दोनो देषों के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता।

- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज भोपाल में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान एवं सुमन पंचायत का किया शुभारंभ।

- केंद्रीय मंत्री षिवराज सिंह चौहान ने कहा–ग्रामीण समुदायों के सशक्तिकरण के लिए पंचायतों को ठोस वित्तीय सहायता मिलती रहेगी।
  और

- प्रदेष के 45 जिलों में तेज आंधी–बारिश की चेतावनी।

अब समाचार विस्तार से :–

प्रधानमंत्री – सेशेल्स यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हरमाइनी के बीच आज राजधानी विक्टोरिया में द्विपक्षीय वार्ता हुई। दोनों देशों के बीच कृषि, वित्त, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और डिजिटल सहयोग सहित कई क्षेत्रों में समझौतों का आदान–प्रदान भी हुआ। सेशेल्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सतत विकास, हरित विकास और जलवायु अनुकूल विकास के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए देश के सर्वोच्च पर्यावरण सम्मान 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' से सम्मानित किया है।

संयुक्त प्रेस वार्ता में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। उन्होंने कहा कि भारत और सेशेल्स हिंद महासागर को साझा विरासत मानते हैं और इसकी सुरक्षा, स्थिरता तथा समृद्धि दोनों देशों की साझा जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, सेशेल्स के साथ डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का अपना अनुभव साझा करेगा।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में लोगों से गणेशोत्सव के दौरान भगवान गणपति की मिट्टी की मूर्ति लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मिट्टी की मूर्तियां पूजा के बाद सहज रूप से पानी में विलीन हो जाती हैं, इससे हमारी नदियां, तालाबों और पर्यावरण की रक्षा होती है। श्री मोदी ने मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के ब्यावरा की महिलाओं द्वारा अनूठे स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण अभियान का जिक्र किया।

बाइट–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

शिवराज– ग्रामीण सम्मेलन

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को साकार करने में गांवों की मुख्य भूमिका का उल्लेख किया। नई दिल्ली में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि ग्रामीण विकास में तेजी लाने के लिए विकसित भारत ग्रामीण योजना के

अन्तर्गत राज्यों के योगदान सहित एक लाख 51 हजार करोड़ रूपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि जमीनी शासन को और सशक्त् बनाने तथा ग्रामीण समुदायों के सशक्तिकरण के लिए पंचायतों को ठोस वित्तीय सहायता मिलती रहेगी।

श्री चौहान ने कहा कि ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा –

बाइट–षिवराज सिंह चौहान,केंद्रीय मंत्री

जम्मू–कश्मीर अमरनाथ सुरक्षा

जम्मू–कश्मीर में 3 जुलाई से शुरू होने वाली 57 दिन की वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू के पुरानी मंडी स्थित श्री राम मंदिर अमरनाथ यात्री आधार शिविर में साधुओं का आगमन शुरू हो गया है। अधिकारियों ने प्रोजेक्ट हॉक आई के तहत प्रौद्योगिकी आधारित निगरानी तैनात की है।

सरिस्का बाघ अभ्यारण्य

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सरिस्का बाघ अभ्यारण्य में बाघों के पुनर्स्थापन के 18 वर्ष पूरे होने पर देशवासियों और प्रकृति प्रेमियों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री यादव ने कहा कि सरिस्का कभी बाघ पूरी तरह विलुप्त हो गए थे लेकिन वहां अब 53 बाघों का निवास है। उन्होंने इसे प्रकृति के पुनरुद्धार, वैज्ञानिक संरक्षण और सामूहिक संकल्प का एक प्रेरणादायक उदाहरण बताया।

मुख्यमंत्री – बैतूल संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज बैतूल जिले के कुकरु में आयोजित कार्यक्रम में स्व–सहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के प्रयासों, आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कृषि सखी ने बताया–

बाइट– कृषि सखी, विनीता

ग्राम कुकरू में ही आयोजित 'ग्राम चौपाल' में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गांव से दूध, फल, सब्जी का दोपहिया से परिवहन करने वाले किसानों और स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को हेलमेट वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा–

बाइट–डॉ मोहन यादव मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने ग्राम पंचायत कुकरू में पर्यटन को नई पहचान देने के लिए लगभग 15 करोड़ की लागत से कुकरू, चिखलदरा, मुक्तागिरी और मेलघाट को जोड़ते हुए एकीकृत टूरिज्म सर्किट विकसित किए जाने की घोषणा की।

स्वास्थ्य – चिकित्सा उपकरण

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने चिकित्सा उपकरण नियम, 2017 में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। इसका उद्देश्य चिकित्सा उपकरणों के विनिर्माण लाइसेंस जल्दी जारी करना और प्रक्रिया को आसान बनाना है। प्रस्ताव के अनुसार, लाइसेंस जारी करने की समय–सीमा कम की जाएगी, जबकि गुणवत्ता और सुरक्षा के मानकों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मंत्रालय ने इस संबंध में मसौदा अधिसूचना जारी कर सभी हितधारकों से सुझाव और टिप्पणियां मांगी हैं। इन संशोधनों से कारोबार सुगमता बढ़ेगी और देश में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उपकरण समय पर उपलब्ध हो सकेंगे।

पल्स पोलियो अभियान

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज भोपाल में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान एवं सुमन पंचायत का शुभारंभ किया। तीन दिन तक चलने वाले अभियान में 1 करोड सात लाख बच्चों को पोलियो दवा पिलाई जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा –

बाइट– मुख्यमंत्री

इंदौर में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ कलेक्टर शिवम वर्मा ने किया। कार्यक्रम के दौरान जागरूकता निकाली गई। सतना जिले के कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने जिला चिकित्सालय से पल्स पोलियो अभियान का षुभारंभ किया। नर्मदापुरम, धार, झाबुआ, आगरमालवा सहित प्रदेश के सभी जिलो में शून्य से पांच साल तक की उम्र के बच्चों को पोलियो दवा का सेवन कराया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में मानसून के अगले 3 से 4 दिनों के भीतर आगे बढ़ने की संभावना है। अभी तक मानसून प्रदेश के 15 जिलों तक पहुंच चुका है। आज भोपाल सहित 45 जिलों में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। ग्वालियर–चंबल संभाग सहित प्रदेश के कई हिस्सों में मानसून अभी तक नहीं पहुंचा है। इसके कारण गर्मी का असर बना हुआ है। ग्वालियर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है।

सीहोर जिले में मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। आज हुई बारिश में आष्टा ब्लॉक में सबसे अधिक 2.05 इंच पानी गिरा है। अच्छी बारिश होने से किसानों के चेहरों पर खुशी है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में जिले के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में लंबे इंतजार के बाद कल शाम मानसून ने दस्तक दे दी।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- भोपाल में आज पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता को बढावा देने के उददेष्य से पर्यावरण प्रहरी अभियान का षुभारंभ किया गया। अभियान में कई संस्थाओं ने भाग लेकर 200 से अधिक पौधों का सामूहिक रोपण किया।
- अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं नशा तस्करी निरोधक दिवस पर छिंदवाडा में आज विधिक साक्षरता शिविर में छात्र–छात्राओं को मादक पदार्थों के प्रकार, मादक पदार्थों से संबंधित कानून तथा नशे के दुष्परिणामों के संबंध में जानकारी दी गई।
- राजगढ़ में हिंदू साम्राज्य दिवस के अवसर पर कल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में छत्रपति वीर शिवाजी महाराज और भारत माता की आकर्षक झांकियां षामिल हुईं।
- छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम जिलेहरी में आकाशीय बिजली गिरने से खेत में काम कर रहे एक ही परिवार के सात सदस्य झुलस गए। इनमें एक युवती की अस्पताल में मौत हो गई।

..................................